रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-127 REGISTERED NO. D. (D.N.) 127

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 99] नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 19, 1991/फाल्गुन 28, 1912
No. 99] NEW DELHI, TUESDAY, MARCH 19, 1991/PHALGUNA 28, 1912

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय

(पत्तन पक्ष)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 मार्च, 1991

सा. का. नि. 150(अ):—केन्द्र सरकार, महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 132 की उपधारा (1) के साथ पठित धारा 124 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पारादीप पत्तन न्यासी मंडल द्वारा बनाए गए और इस अधिसूचना के साथ संलग्न अनुसूची में पारादीप पत्तन कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि विनियम, 1991 का अनुमोदन करती है ।

2. उक्त विनियम, इस अधिसूचना के सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

अनुसूची

पारादीप पत्तन कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि) विनियम 1989 ।

महापत्तन न्यास अधिनियम 1963 (1963 का 38) की धारा 28 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पारादीप पत्तन की न्यासी बोर्ड इसके द्वारा निम्नलिखित विनियम अर्थात् "पारादीप पत्तन कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि) विनियम 1989" बनाती है बशर्ते कि अथित अधिनियम की धारा 124 की उपधारा (1) के अधीन केन्द्रीय सरकार का अनुमोदन प्राप्त हो ।

1. लघुशीर्ष और प्रारम्भ :

(क) इन विनियमों को परादीप पत्तन (सामान्य भविष्य निधि) विनियम 1989 कहा जाएगा ।

(ख) भारत के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से ये लागू होंगे ।

2. परिभाषाएं

(1) इन विनियमों में जब तक प्रसंग से दूसरी बात अपेक्षित न हो :

(क) "लेखा अधिकारी" का अर्थ बोर्ड के वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी है ।

(ख) "बोर्ड" और "अध्यक्ष" के क्रमशः वही अर्थ होंगे जैसाकि महापत्तन न्यास अधिनियम 1963 में दिए गए हैं ।

(ग) अन्यथा स्पष्टरूप से उपबंधित को छोड़कर "परिलब्धियों" का अर्थ भारत सरकार के मूल नियमों में वेतन के रूप में परिभाषित या बोर्ड द्वारा तैयार किए गए नियमों/विनियमों में यदि कोई हो, जो कोई भी अंशदाता पर लागू होता हो। बाह्य सेवा के संबंध में प्राप्त छुट्टी वेतन, निर्वाह अनुदान और वेतन के रूप में कोई पारिश्रमिक ।

(घ) "कर्मचारी" का अर्थ बोर्ड के कर्मचारी से है ।

(च) "परिवार" का अर्थ :

(i) पुरुष अभिदाता के मामले में, पत्नी या पत्नियां, माता पिता, संतान अवयस्क भाइयों, अविवाहित बहनों, मृत पुत्र की विधवा और संतान और जहां अभिदाता के माता पिता जीवित नहीं हैं, अभिदाता के दादा दादी । परन्तु यदि अभिदाता यह साबित करता है कि उसकी पत्नी न्यायिक रूप से या समुदाय के प्रथागत कानून के अधीन उससे अलग हो गई हो जिसके लिए वह पोषण का हकदार बनती हो तो वह अब से इन विनियमों से संबंधित मामलों में अभिदाता के परिवार में सदस्य के रूप में नहीं मानी जाएगी, जब तक कि बाद में अभिदाता लेखा अधिकारी को लिखित रूप से उसे मानते हुए जारी रखने के लिए सूचित करता हो ।

(ii) महिला अभिदाता के मामले में, पति, माता पिता, संतान, अवयस्क भाइयों, अविवाहित बहनों, मृत पुत्र की विधवा और संतान और जहां अभिदात्री के माता पिता जीवित नहीं हैं दादा दादी परन्तु यदि अभिदात्री लेखा अधिकारी को अपने पति को अपने परिवार से अलग करने के लिए अपनी इच्छा लिखित रूप से नोटिस के द्वारा जाहिर करती है तो इन विनियमों से संबंधित मामलों अभिदात्री के परिवार सदस्य के रूप में नहीं माना जाएगा जब तक कि अभिदात्री बाद में लिखित रूप से नोटिस के द्वारा रद्द करती हो

नोट: —(1) "संतान" का अर्थ धर्मज संतान होगा और गोद लिया गया संतान अभिदाता के शास्त्री व्यैक्तिक कानून द्वारा मान्यता प्राप्त होने पर शामिल होगा।

(2) पारादीप पत्तन कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि) विनियमों के प्रयोजन के लिए एक गोद लिया गया संतान निजी (नेचरल) पिता के परिवार में शामिल नहीं रहेगा जब गोद लेने वाले के व्यक्तिक कानून के अधीन गोद लेना कानूनी रूप से मान्य हो।

(छ) "फार्म" का अर्थ विनियमों के साथ संलग्न फार्म से है।

(ज) "निधि" का अर्थ पारादीप पत्तन कर्मचारी सामान्य भविष्य निधि से है।

(झ) "विभागाध्यक्ष" का अर्थ केन्द्रीय सरकार द्वारा-धोषित ऐसे प्राधिकारी से है ।

(ट) "छट्टी" का अर्थ सी. सी. एम. (छट्टी) नियम 1972 या महापत्तन न्यास अधिनियम 1963 की धारा 28 के अधीन बनाये गये विनियम के अधीन किसी भी प्रकार की छट्टी जो कोई भी अभिदाता को प्रयोज्य है।

(ठ) वर्ष का अर्थ वित्तीय वर्ष से है।

(2) इन विनियमों में प्रयोग किये गये कोई अन्य अभिव्यक्ति जो कि भविष्य निधि अधिनियम 1925 (1925 का 19) या केन्द्रीय सरकार के मूल नियमों या कोई अन्य नियम विनियम जैसा कि परिभाषित हैं और अभिदाता के लिए प्रयोज्य है; उनका अर्थ वही होगा जैसा कि क्रमशः ऐसे अधिनियम, नियम और विनियम में दिये गये हैं :

(3) निधि का गठन :—निधि का प्रशासन न्यासी बोर्ड के द्वारा किया जाएगा और रखरखाव रुपयों में किया जाएगा।

(4) पात्रता के शर्त : —

(1) सभी अस्थाई कर्मचारी एक वर्ष निरंतर सेवा के बाद, सभी पनर्नियुक्त पेंशनभोगी (अंशदायी भविष्य निधि के लिए पात्रता प्रवेश पाने के पात्रता रखने वाले को छोड़कर) और स्थायी कर्मचारी निधि को अभिदान करेंगे।

(2) अस्थाई कर्मचारी यदि इच्छा करते हों तो एक वर्ष से निरंतर सेवा पूर्ण होने के पूर्व निधि को अभिदान कर सकते हैं।

(3) कर्मचारी जो अंशदायी भविष्य निधि के अभिदाता हैं वे सामान्य भविष्य निधि को अभिदान करने के पात्र नहीं होंग।

(4) कर्मचारी को निधिरित प्रपत्र-II (तीन प्रतियों में) नामांकन कार्यालय के प्रधान को प्रस्तुत करना होगा।

(5) कार्यालय का प्रधान लेखा अधिकारी को तीन प्रतियों में नामांकन पत्र सहित विवरण प्रत्येक माह 15 तारीख को भेजेगा।

(6) लेखा अधिकारी सामान्य भविष्य निधि की संख्या आबंटित करने के बाद विवरण की एक प्रति (फार्म 1) और नामांकन पत्र रख लेगा और

फार्म I और II की अन्य प्रतियां कार्यालय के प्रधान को वापस कर देगा। उसके बाद फार्म II में नामांकन की एक प्रति अभिदाता की सेवा पुस्तिका/सेवा पंजी के प्रथम पृष्ठ पर चिपकाई जाएगी और दूसरी प्रति पावती देते हुए अभिदाता को वापस कर दी जाएगी।

5. शेषों का अन्तरण :

इन विनियमों के प्रारम्भ होने के बाद सामान्य भविष्य निधि नियम 1960 के अधीन गठित कर्मचारी के सामान्य भविष्य निधि के जमा में रहे शेष को इन विनियमों के अधीन गठित कर्मचारी के लेखे में जमा किया जाएगा ।

6. नामांकन

1. अभिदाता के निधि में शामिल होने पर कार्यालय के प्रधान के माध्यम से लेखा अधिकारी को एक या अधिक व्यक्तियों को उसकी मृत्यु पर निधि में उसकी जमा में रही राशि, उक्त राशि के भुगतान योग्य होने के पूर्व या भुगतान योग्य होकर प्रदत्त न किया गया हो को प्राप्त करने के लिए अधिकार देते हुए सूचित करेगा ।

परन्तु नामांकन करते समय यदि कर्मचारी का परिवार हो तो इस प्रकार का नामांकन केवल अपने परिवार के एक सदस्य या सदस्यों के पक्ष में करेगा।

परन्तु अभिदाता के द्वारा किसी अन्य भविष्य निधि के संबंध में नामांकन किया गया हो जिसके लिए वह निधि में शामिल होने के पूर्व अभिदान किया है और यदि इस तरह के अन्य निधि में उसकी जमा में राशि का निधि में उसके जमा में अन्तरण होने पर इन विनियमों के अधीन किया गया नामांकन माना जाएगा। जब तक कि वह इन विनियमों के अनुसार नामांकन करता हो।

2. यदि अभिदाता उपविनियम (1) के अधीन एक से अधिक व्यक्तियों का नामांकन करता हो तो वह नामांकन में प्रत्येक नामितों को भुगतान योग्य राशि या अंश इस प्रकार स्पष्ट करेगा कि किसी भी समय उसके जमा में रही पूर्ण राशि सम्मिलित होती हो।

3. प्रत्येक नामांकन इन विनियमों के साथ संलग्न फार्म II में किया जाएगा ।

4. अभिदाता किसी भी समय लेखा अधिकारी को लिखित रूप से नोटिस भेजते हुए नामांकन को रद्द कर सकता है। अभिदाता ऐसे नोटिस सहित या अलग से इन विनियमों के प्रावधानों के अनुसार नया नामांकन भेजेगा ।

5. नामांकन में अभिदाता दे सकता है ।

(क) किसी उल्लिखित नामिती के संबंध में, उसका अभिदाता को छोड़ने पर उस नामिति को प्रदान किया गया अधिकार अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों को दिया जा सकता है जैसे कि नामांकन में उल्लिखित हो परन्तु यदि अभिदाता के परिवार में अन्य सदस्य हैं तो ऐसे अन्य व्यक्ति, व्यक्तियों को अन्य सदस्य होना चाहिए। यदि अभिदाता इस खंड के अधीन ऐसा अधिकार एक से अधिक व्यक्तियों को प्रदान करता है तो वह ऐसे व्यक्तियों को भुगतानयोग्य राशि या अंश का इस तरह से स्पष्ट करेगा कि नामित नामितियों को भुगतान योग्य पूर्ण राशि सम्मिलित हो सके।

(ख) उसमें उल्लिखित आकस्मिकता के पड़ने पर नामांकन अविधिमान्य होगा।

परन्तु नामांकन करते समय अभिदाता का परिवार में यदि केवल एक ही सदस्य है तो वह नामांकन में यह व्यवस्था करेगा कि खण्ड (ख) के अधीन विकल्प नामिति को प्रदान किया गया अधिकार उसके द्वारा बाद में अन्य सदस्य या उसके परिवार के सदस्यों को लेने पर अविधिमान्य होगा।

6. नामित के मृत्यु पर जिसके संबंध में उपविनियम (5) के खण्ड (क) के अधीन नामांकन में विशेष व्यवस्था न की गई हो या कोई ऐसी घटना होने पर जिसके कारण उपविनियम (5) के खण्ड (ख) के अनुसार नामांकन अविधिमान्य होती हो या उसके परन्तुक अभिदाता लेखा अधिकारी को नामांकन को रद्द करते हुए लिखित रूप से नोटिस और इस विनियम के प्रावधानों के अनुसार नया नामांकन भेजेगा ।

7. अभिदाता के द्वारा दिया गया प्रत्येक नामांकन और प्रत्येक स्वगत नोटिस इस हद तक हो कि वह विधिमान्य हो और लेखा अधिकारी के द्वारा प्राप्त करने की तारीख से प्रभावी होगा।

8. यदि अभिदाता के विधवा के पक्ष में नामांकन न रहता हो तो उसके पूर्व पति के जमा निधि के संबंध में विधवा के दावे के हक में उसके बाद के विवाह के द्वारा कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

9. यदि अभिदाता का परिवार नहीं है या नामिति के सिवाय कोई व्यक्ति नहीं है, उसके परिवार का गठन करते हुए जैसा कि विनियमों में परिभाषित है, जिस व्यक्ति को नामिति का अधिकार किया जाता है उसका नाम अंतिम कालम में रहेगा और उसके परिवार के सदस्य के अलावा कोई अन्य होगा ।

10. अभिदाता सेवानिवृत्त/सेवामुक्त हो जाने के बाद भी उसके द्वारा सेवा में रहते हुए दिया गया नामांकन का परिवर्तन कर सकता है जब तक कि अभिदाता की जमा राशि का वास्तव में भुगतान न किया गया हो बशर्ते कि नामांकन का परिवर्तन या संशोधन संबंधित सामान्य भविष्य निधि विनियमों के प्रावधानों के अनुसार किये गये हों और अधिसूचित हों ।

11. अभिदाता के मृत्यु के पूर्व कार्यालय के प्रधान को प्रस्तुत किया गया नामांकन को, उस तथ्य के न होते हुए भी कि अभिदाता के मृत्यु के पूर्व लेखा अधिकारी के पास नहीं पहुंचा है विधिमान्य नामांकन माना जाएगा ।

12. (i) अभिदाता के मृत्यु पर, यद्यपि नामित को भविष्य निधि के रकम को प्राप्त करने के अधिकार है, उसे रकम प्राप्त करने के लिए किसी और को प्राधिकृत करने का अधिकार नहीं होगा ।

(ii) मृत अभिदाता को प्रयोज्य वैयक्तिक कानून के अधीन वारिसों के लिए भविष्य निधि के रकम के उनके अंश के लिए दावा करने के लिए हमेशा खुला है।

नोट :

(क) भविष्य निधि का भुगतान नामिति को नहीं किया जाना चाहिए जब मामला न्यायाधीन रहा हो।

(ख) ऐसे मामले में जहां मुकदमा दायर करने की संभावना हो तो संबंधित विभागाध्यक्ष पार्टी को मुकदमा दायर करने के बारे में लिखते हुए सूचित करेगा कि पत्तन न्याय इतने दिनों के अन्दर भुगतान करने की इच्छा करती है। और

(ग) निचले न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जाने के बाद यदि कुछ पार्टियां ऐसे न्यायालय के फैसला के विरुद्ध अपील करना चाहती हो तो संबंधित विभागाध्यक्ष को पार्टी को जो मामले में हार चुकी है को लिखना चाहिए कि कथित यथोचित अवधि के अन्दर पार्टी न्यायालय से स्टे आर्डर प्राप्त नहीं करती है तो भुगतान कर दिया जाएगा ।

(घ) संबंधित विभागाध्यक्ष को ऊपरलिखित तीनों प्रकार के मामलों में कार्रवाई करनी चाहिए जब तक कि अंतिम भुगतान के लिए आवेदन लेखा अधिकारी को अग्रेषित नहीं किया जाता । उत्तरदायित्व लेखा अधिकारी और संबंधित विभागाध्यक्ष दोनों का होगा और जो कोई भी सूचना प्राप्त करता है तो दूसरे को देना होगा ।

7. अभिदाता का लेखा :

प्रत्येक अभिदाता के नाम पर लेखा खोला जाएगा जिसमें यह उल्लिखित होगा :

1. उसका अभिदान

2. अभिदान पर ब्याज जैसाकि विनियम 12 में व्यवस्था है।

3. निधि से अग्रिम और निकासी

4. निधि को अग्रिम की वापसी।

नोट :

अभिदाता को आबंटित सामान्य भविष्य निधि लेखा संख्या को सेवा पुस्तिका/सेवापंजी के प्रथम पृष्ठ के दाहिने और ऊपर रबड़ मोहर के द्वारा प्रविष्ट की जानी चाहिए।

8. अभिदान के शर्त :

(1) केवल जब वह निलंबन के अधीन रहता हो को छोड़कर अंशदाता निधि को मासिक अंशदान करेगा।

परन्तु अंशदाता अपने विकल्प पर छुट्टी अवधि में अंशदान नहीं देगा जिसमें या तो छुट्टी वेतन नहीं पाता हो या आधे वेतन के छुट्टी के बराबर या उससे कम पाता हो।

परन्तु अंशदाता को निलंबन के अधीन बीते अवधि के बाद बहाल होने पर उसे एक मुश्त में या किश्तों में भुगतान करने के लिए अनुमति दी जाएगी जोकि उस अवधि के लिए भुगतानयोग्य अधिकतम बकायी राशि से अधिक नहीं होगी ।

नोट : अभिदाता को अकार्य दिवस मानी गयी अवधि के अन्तर्गत अंशदान देने की आवश्यकता नहीं है ।

(2) उपविनियम (1) के प्रथम प्रोविजो में संदर्भित छुट्टी के अन्तर्गत अभिदाता निम्न तरह से अंशदान न करने का अपना विकल्प सूचित करेगा ।

(क) यदि वह एक अधिकारी है तो छुट्टी पर जाने के पूर्व लिखित रूप से लेखा अधिकारी को सूचित करेगा ।

(ख) यदि वह अधिकारी नहीं है तो छुट्टी पर जाने जाने के पूर्व अपने कार्यालय के प्रधान को लिखित रूप से सूचित करेगा। समय पर उचित सूचना देने में चूकने पर अंशदान देने के पक्ष में समझा जाएगा। इस उप विनियम के अधीन सूचित अंशदाता के विकल्प अंतिम होगा ।

(3) अंशदाता विनियम 20 के अधीन निधि में उसके जमा में रहे राशि को निकालता है तो ऐसे निकालने के बाद जब तक वह कार्य पर वापस नहीं आता निधि को अंशदान नहीं करेगा ।

(4) उप विनियम (1) में किसी बात के अन्यथा रहते हुए भी अंशदाता उस माह के लिए निधि को अंशदान नही करेगा जिसमें वह सेवाएं छोड़ना हो जब तक कि कथित माह के प्रारम्भ होने के पूर्व वह कथित माह के लिए अंशदान करने के लिए अपना विकल्प कार्यालय के प्रधान को सूचित करता हो ।

(5) कर्मचारी को निवर्तन में सेवानिवृत्त होने के कारण उसके सेवा के पिछले तीन माह के अन्तर्गत सामान्य भविष्य निधि को कोई अंशदान देने में छूट दी जाएगी।

(6) कर्मचारी यदि इच्छुक हो तो बोनस, अंतरिम राहत आदि का पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से उसके सामान्य भविष्य निधि लेखे में जमा कर सकता है।

(9) अभिदान के दर

(1) निम्नलिखित शर्तों के अनुसार स्वयं अंशदाता के द्वारा अंशदान की राशि निर्धारित की जा सकती है अर्थात :—

(क) पूरे रुपयों में स्पष्ट रूप से बताया जाएगा।

(ख) स्पष्ट की गई कोई भी राशि उसके कुल परिलब्धियों के 6 प्रतिशत से कम नहीं होगी और कुल परिलब्धियों से अधिक नहीं होगी।

(ग) जब कर्मचारी 6 प्रतिशत के न्यूनतम दर पर अंशदान करने के लिए चुनता है तो रुपये के अंश को अति निकट के पूरे रुपये में पूर्णांक में लिया जाएगा 50 पै० का गणन अगले रुपये तक बढ़ाया जाएगा।

(2) उपविनियम (1) के प्रयोजन के लिए अंशदाता के परिलब्धियां :

(क) अंशदाता के मामले में जो पूर्वगामी वर्ष के 31 मार्च को बोर्ड के सेवाओं में था, उस तारीख पर परिलब्धियां जिसका वह हकदार था। परन्तु

I. यदि अंशदाता कथित तिथि पर छुट्टी पर था और ऐसे छुट्टी के दौरान अंशदान न करने के लिए चुना था या कथित तिथि पर निलंबन के अधीन था, उसके कार्य पर वापस आ जाने के बाद प्रथम दिन पर परिलब्धियों का हकदार हो वही परिलब्धियां होंगी।

II. यदि कथित तारीख पर अंशदाता भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति पर था या छुट्टी पर था और पर रहते अंशदान करने के पक्ष हो में तो उसकी परिलब्धियां वहीं होगी यदि भारत में कार्य पर रहा हो और जिसके लिए वह हकदार हो।

(ख) अंशदाता के पूर्वगामी वर्ष के 31 मार्च को बोर्ड की सेवा में न होने के मामले में निधि में शामिल होने के दिन जिन परिलब्धियों का हकदार था।

(3) अंशदाता निम्न तरह से अपनी मासिक अंशदान का निर्धारण सूचित करेगा।

(क) यदि वह पूर्वगामी वर्ष के 31 मार्च को कार्य पर था तो उस माह के लिए उसके वेतन बिल से इसके लिए कटौती के द्वारा :

(ख) यदि वह पूर्वगामी वर्ष के 31 मार्च को छुट्टी पर था और ऐसे छुट्टी के दौरान अंशदान न करने के पक्ष में हो या उस तिथि पर निलंबन के अधीन हो तो उसके कार्य में वापस आने के बाद इसके लिए उसके प्रथम वेतन बिल से कटौती के द्वारा :

(ग) यदि वर्ष के अन्तर्गत वह बोर्ड की सेवा में प्रथम बार प्रवेश किया हो तो उसके निधि में शामिल होने के माह के लिए उसके वेतन बिल से कटौती के द्वारा

(घ) यदि पूर्वगामी वर्ष के 31 मार्च को छुट्टी पर था और निरंतर छुट्टी पर रहता हो और ऐसे छुट्टी के दौरान अंशदान करने के पक्ष में हो तो उस माह के लिए इसके लिए कटौती के द्वारा :

(च) यदि वह पूर्वगामी वर्ष के 31 मार्च को इतर सेवा पर था तो चालू वर्ष में अप्रैल माह के लिए अंशदान के लिए बोर्ड के लेखे में जमा की गई राशि के द्वारा :

(4) निर्धारित की गई अंशदान की राशि ऐसी होगी :

(क) वर्ष के अन्तर्गत किसी भी समय घटाई गई।

(ख) वर्ष के अन्तर्गत दो बार बढ़ाई गई।

परन्तु अंशदान की घटाई गई राशि उपविनियम (1) में निर्धारित न्यूनतम से कम नहीं होगी।

(ग) परन्तु अंशदाता कैलेन्डर माह के एक भाग के लिए बिना वेतन या आधे वेतन की छुट्टी पर है और ऐसे छुट्टी के अन्तर्गत अंशदान न करने के लिए चुनता हो तो यदि कोई ऊपर संदर्भित के अलावा भुगतानयोग्य अंशदान का रकम छुट्टी सहित कार्य पर रहे दिनों की संख्या के अनुपात में होगा।

10. इतर सेवा को स्थानान्तरण या भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति :

जब अंशदाता को इतर सेवा में स्थानान्तरित किया जाता है या भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाता है तो वह निधि के विनियमों के लिए उसी तरह रहेगा जैसा कि उसे स्थानान्तरित न किया गया हो या प्रतिनियुक्ति पर न भेजा गया हो।

11. अंशदान की वसूली :

(1) जब भारत में परिलब्धियों का आदान किया जाता है तो इस परिलब्धियों पर अंशदान की और अग्रिमों की मूल और ब्याज की वसूली इन्हीं परिलब्धियों से होगी।

(2) जब अन्य साधनों से परिलब्धियों का आदान होता है तो अंशदाता अपने मासिक देय को लेखा अधिकारी को भेजेगा।

परन्तु ऐसे अंशदाता के मामले में सरकार द्वारा नियंत्रित या स्वामित्व में रहे निगम, इकाई से प्रतिनियुक्ति पर रहने पर ऐसे निकाई के द्वारा अंशदान लेखा अधिकारी को भेजा जाएगा।

3. यदि अंशदाता को जिस तारीख से निधि में शामिल होना अपेक्षित है अंशदान करने में चूकता है या नियम 8 में किये गये प्रावधानों के अन्यथा किसी माह या महीनों में चूकता है तो निधि को अंशदान की बकायी राशि विनियम 12 में दी गई दर के हिसाब से ब्याज सहित भुगतान करना होगा या चूकने पर लेखा अधिकारी के द्वारा अंशदाता के परिलब्धियों से किश्तों द्वारा या अन्यथा कटौती के लिए आदेश दिया जाएगा जैसा कि अग्रिम मंजूर करने वाले संबंधित प्राधिकारी के द्वारा निदेश दिया गया हो ऐसी मंजूरी के लिए विनियम 13 के उप विनियम (2) के अधीन विशेष कारण अपेक्षित है।

परन्तु अभिदाताओं जिनके निधि में जमा पर ब्याज नहीं होता हो उन्हें कोई ब्याज देने की आवश्यकता नहीं है।

परन्तु इस विनियम के उप विनियम (2) परन्तुक के अनुसार रकम भेजे जाने के मामले में जमा करने की तिथि उस माह के प्रथम दिन को माना जाएगा यदि लेखा अधिकारी के द्वारा उस माह के पन्द्रहवें दिन के पूर्व प्राप्त किया गया हो।

12. ब्याज

1. इस विनियम के उप विनियम (5) के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड द्वारा समय समय पर निर्धारित ब्याज के पद्धति के अनुसार प्रत्येक वर्ष के लिए ऐसा दर जैसा कि निर्धारित किया गया हो अभिदाता के लेखे में जमा में भुगतान किया जाएगा।

परन्तु यदि किसी वर्ष के लिए ब्याज का दर 4 प्रतिशत से कम निर्धारित किया गया हो तो पूर्वगामी वर्ष में निधि के सभी अभिदाताओं जिनके लिए 4 प्रतिशत से कम प्रतिशत पहली बार निर्धारित की गई तो ब्याज 4 प्रतिशत पर ही ही दिया जाएगा।

परन्तु अभिदाता केन्द्रीय सरकार के अन्य भविष्य निधि को पहले से अंशदान कर रहा हो और जिसका अंशदान उस पर ब्याज सहित विनियम 23 के अधीन उसके निधि में, उसके जमा में अंतरित किया गया हो, उसे 4 प्रतिशत की दर से ब्याज दिया जाएगा यदि वह इस विनियम के प्रथम परन्तुक के समान प्रावधान के अधीन अन्य निधि के नियमों के अन्तर्गत उस दर पर प्राप्त किया हो।

2. ब्याज को निम्न तरह से प्रत्येक वर्ष के अन्तिम दिन से जमा किया जाएगा :

1. पूर्वगामी वर्ष के अन्तिम दिन पर जमा की राशि पर चालू वर्ष के अन्तर्गत निकाले गए रकमों को घटाने हुए बारह महीनों के लिए ब्याज।

2. चालू वर्ष के अन्तर्गत निकाले गये रकम चालू वर्ष के प्रारम्भ से निकालने के माह से पूर्वगामी माह के अंतिम दिन तक।

3. पूर्वगामी वर्ष के अंतिम दिन के बाद अभिदाता के लेखे में जमा सभी रकमों पर जमा की तारीख से चालू वर्ष के अन्त तक ब्याज।

4. ब्याज की कुल राशि को पास के पूर्ण रु० में लिया जाएगा (पचास पैसे को अगले रु० तक बढ़ाया जाएगा)

परन्तु, यदि अभिदाता के जमा में रहने वाली राशि भुगतान योग्य होती है तो इस विनियम के अधीन उस पर ब्याज चालू वर्ष के प्रारम्भ से या जमा करने की तारीख से मामला जैसा भी हो, जमा की जाएगी।

3. इन विनियमों में परिलब्धियों के वसूली के मामले में, माह के प्रथम दिन जिसमें वसूल की गई है, माना जाएगा और अभिदाता द्वारा भेजे गये रकमों के मामलों में प्राप्त होने की माह के प्रथम दिन को माना जाएगा, यदि यह लेखा अधिकारी के द्वारा उस माह के पांचवें दिन के पूर्व प्राप्त की गई हो। परन्तु यदि यह उस माह के पांचवें दिन के बाद प्राप्त की गई हो तो अगले अनुवर्ती माह का प्रथम दिन माना जाएगा।

परन्तु जहां अभिदाता के वेतन, या छुट्टी वेतन और भतों के आदान में और बाद में निधि के लिए उसके अंशदान की वसूली में विलम्ब होता हो, तो ऐसे अंशदानों पर ब्याज अभिदाता के उस माह से जिसमें वेतन या छुट्टी वेतन इन विनियमों के अधीन देय है भुगतान करना होगा चाहे किसी भी माह में आदान किया गया हो।

परन्तु विनियम 11 के उप विनियम (2) के परन्तुक के अनुसार अग्रेषित ऐसे रकम के मामले में जमा की तारीख को माह का प्रथम दिन माना जाएगा यदि वह लेखा अधिकारी के द्वारा माह के पन्द्रहवें दिन के पूर्व प्राप्त किया गया हो।

परन्तु जहां किसी माह के लिए परिलब्धियों को उसी माह के अन्तिम कार्यदिवस पर आदान और संवितरण किया गया हो तो उसके अंशदान की वसूली के मामले में जमा की तारीख अनुवर्ती माह के प्रथम दिन को माना जाएगा।

4. विनियम 19, 20 या 21 के अधीन भुगतान की जाने वाली किसी भी राशि पूर्वगामी माह के अन्त तक उस पर ब्याज जिसे भुगतान किया गया है या छह महीनों के अन्त तक उस माह के बाद जिसमें ऐसी राशि भुगतान योग्य होती है इनमें जो भी कम अवधि की हो, व्यक्ति को भुगतान योग्य होगा जिसे ऐसी राशि का भुगतान किया जाना है।

परन्तु जहां लेखा अधिकारी उस व्यक्ति (या उसके एजेन्ट) को उस तारीख को सूचित किया हो जिस पर वह नगद द्वारा भुगतान करने के लिए तैयार हो या उस व्यक्ति को चैक भेजा हो तो ब्याज केवल सूचित किये गये तारीख के पूर्वगामी माह के अन्त तक या चैक भेजने की तारीख तक ही भुगतान योग्य जैसा कि मामला हो।

परन्तु जब अभिदाता सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 (1860 का 2) के अधीन पंजीकृत सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 (1860 का 21) के अधीन सरकार या स्वायत्त संस्था के द्वारा नियंत्रित किसी इकाई निगम में प्रतिनियुक्ति पर हो और बाद में ऐसे इकाई निगम या संस्था में पूर्वगामी तिथि से एब्जार्ब होता हो तो अभिदाता के संचित निधि पर या ब्याज के गणन के प्रयोजन के लिए एब्जार्पशन के संबंध में जारी किये गये आदेश की तिथि को अभिदाता के जमा में राशि जिस तारीख पर रहती है, भुगतान योग्य होती है उसे माना जाएगा बशर्ते कि इस उप विनियम के अधीन एब्जार्पशन के प्रारम्भ की तारीख से और एब्जार्पशन के आदेश की जारी होने की तारीख पर समाप्त होने की अवधि, निधि के लिए अंशदान केवल ब्याज देने के प्रयोजन के लिए माना जाएगा।

नोट : निधि शेष पर ब्याज के भुगतान के लिए छह महीनों की अवधि से एक वर्ष तक लेखा अधिकारी के द्वारा प्राधिकृत किया जाएगा जबकि व्यक्तिगत रूप से उसे संतुष्ट होने पर कि अभिदाता के नियंत्रण में न रहने वाली परिस्थितियों के उत्पन्न होने के कारण भुगतान में विलम्ब हुआ है या उस व्यक्ति को जिसे भुगतान करना है और प्रत्येक ऐसे मामले के विषय में जिसमें प्रशासनिक विलम्ब हुआ है को पूरी तरह से जांच किया जाएगा और यदि कोई कार्रवाई अपेक्षित हो की जाएगी।

5. अभिदाता के लेखे में ब्याज को जमा नहीं किया जाएगा यदि वह लेखा अधिकारी को सूचित करता है कि वह इसे प्राप्त नहीं करना चाहता परन्तु यदि बाद में ब्याज के लिए मांग करता है तो उसे उसके मांगे जाने के वर्ष के प्रथम दिन से जमा किया जाएगा।

6. लेखे पर ब्याज जोकि विनियम 20 या विनियम 19 विनियम 11 के उप विनियम (3) के अधीन निधि में अभिदाता के जमा से बदलाव किये गये हैं तो उप विनियम (1) में जैसा कि कथित निर्धारित हो, ऐसे दरों पर गणन किया जाएगा।

7. इन विनियमों के अन्तर्गत वार्षिक ब्याज के दर का प्रतिशत जैसा कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा अधिसूचित किया गया है, प्रतिवर्ष गणन के लिए पालन किया जाएगा

8. जब अभिदाता माह के अंतिम कार्यदिवस पर सेवा-निवृत्त होता है तो विनियम 12 (4) इबिद के प्रयोजन के लिए छह माह की अवधि का हिसाब अगले अनुवर्ती माह को छोड़कर किया जाएगा। कहने का अर्थ, उदाहरण के लिए जब अभिदाता के सेवा का अंतिम दिन 31 मई हो तो छह माह की अवधि का गणन जून से नवम्बर तक किया जाएगा।

9. यदि अभिदाता की मृत्यु सेवा निवृत्ति के पूर्व माह के अंतिम दिन के पूर्वाह्न में होती है तो विनियम 12 (4) के इबिद के प्रयोजन के लिए छह माह की अवधि का गणन उसके मृत्यु के दूसरी माह से की जाएगी।

13. निधि से अग्रिम :

1. मंजूरी देने वाला समुचित प्राधिकारी किसी भी अभिदाता को संपूर्ण रुपयों की कुल राशि जोकि तीन महीनों की वेतन से अधिक न होती हो या निधि में उसके जमा में रहे आधी रकम जो कोई भी कम हो, निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए एक या अधिक के लिए मंजूरी दे सकता है।

(क) बीमारी, कन्फाइनमेन्ट, डिजेबलटी के संबंध में व्यय के भुगतान के लिए अभिदाता और उसके परिवार के सदस्यों का यात्रा खर्च या उस पर आश्रित अन्य व्यक्ति के लिए जहां आवश्यकता हो सहित।

ख. उच्च शिक्षा के खर्च को वहन करने के लिए, निम्न-लिखित मामलों में अभिदाता और उसके परिवार के सदस्यों या उस पर आश्रित किसी अन्य व्यक्ति के लिए यात्रा खर्च।

1. हाई स्कूल स्तर से ऊपर शैक्षणिक, तकनीकी, प्रोफेशनल या वोकेशनल पाठ्यक्रम के लिए भारत के बाहर शिक्षा के लिए।

2. हाई स्कूल स्तर से ऊपर भारत के बाहर किसी भी मेडिकल, इंजीनियरी या अन्य तकनीकी या विशेषज्ञीय पाठ्यक्रम के लिए बशर्ते कि अध्ययन के लिए पाठ्यक्रम तीन वर्षों से कम न हो।

ग. अभिदाता के प्रतिष्ठा के समुचित स्तर पर अभिदाता की प्रथा को चलाने के लिए मंगनी, विवाह, अंत्येष्टिक्रिया या अन्य समारोहों के संबंध में बाध्यकर खर्च के वहन के लिए।

घ. अभिदाता, उसके परिवार के किसी सदस्य या उस पर वास्तविक रूप से आश्रित किसी व्यक्ति के द्वारा या उस पर की गई कानूनी कार्यवाही के खर्च को वहन करने के लिए।

च. अभिदाता के प्रतिरक्षा के लिए खर्च का वहन जब उसके सरकारी दुराचार के किसी अभियोग के संबंध में जांच के लिए अपने स्वयं की प्रतिरक्षा के लिए वकील रखता हो।

छ. प्लाट और/घर के निर्माण के लिए या उसके आवास के लिए फ्लैट या सरकार द्वारा आबंटित प्लाट और या फ्लैट के भुगतान के लिए।

डेवेलपमेन्ट अथारिटी या स्टेट हाउसिंग बोर्ड या संबंधित कोआपरेटिव अधिनियम (1–ए) के अधीन पंजीकृत हाउस बिल्डिंग कोआपरेटिव सोसाइटी। अध्यक्ष विशेष परिस्थितियों में किसी भी अंशदाता को अग्रिम के लिए मंजूरी दे सकता है यदि वह संतुष्ट होता है कि अभिदाता को जो उपविनियम (1) उल्लिखित है, को छोड़कर अन्य कारणों के लिए अग्रिम की आवश्यकता है।

2. विशेष कारण जिनका अभिलेख लिखित रूप में किया जाना है को छोड़कर किसी भी अभिदाता को उप विनियम (1) में निर्धारित सीमा से अधिक या किसी पिछले अग्रिम के अंतिम किश्त के पुर्नभगतान होने तक अग्रिम की मंजूरी नहीं दी जाएगी।

3. कोई भी पूर्ण होने वाली पिछली अग्रिम के अंतिम किश्त के पुर्नभगतान के पूर्व जब उप विनियम (2) के अधीन अग्रिम की मंजूरी दी जाती है तो पिछले अग्रिम का बकाया जोकि वसूल नहीं किया गया है ऐसी मंजूरी दी जाने वाली अग्रिम में जोड़ा जाएगा और समेकित राशि को निर्दिष्ट करके वसूली के लिए किश्तों का निर्धारण किया जाएगा।

नोट :– इस विनियम के अधीन निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए भी मंजूरी दी जाएगी।

(क) किसी व्यक्ति का वार्षिक श्राद्ध समारोह जोकि अपने मृत्यु के पूर्व अभिदाता के परिवार का सदस्य था/थी या उस पर आश्रित था/थी।

(ख) अभिदाता के पुत्र या पुत्रियां उस पर आश्रित किसी अन्य महिला रिश्तेदार की सगाई/विवाह समारोह।

(ग) कार/मोटर/साईकिल/स्कूटर/मोपेड की खरीद।

2. इस विनियम के प्रयोजन के लिए "वेतन" में वेतन, मंहगाई वेतन जहां स्वीकार्य हों शामिल हैं।

3. संजूर करने वाला प्राधिकारी वह प्राधिकारी होगा जोकि अध्यक्ष द्वारा प्राधिकृत किया जाएगा।

4. अभिदाता को विनियम 13 के उप विनियम (1) के मद (ख) के अधीन प्रत्येक छह महीनों में एक अग्रिम लेने की अनुमति है।

5. विनियम 13 के उप विनियम (1) के मद (ख) 11 के प्रयोजन के लिए तकनीकी/विशेषज्ञी के रूप में माने जाने वाले अध्ययन के पाठ्यक्रम निम्नलिखित हैं :

क. इंजीनियरी और टेक्नालॉजी के मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा आयोजित विभिन्न क्षेत्रों में डिप्लोमा पाठ्यक्रम जैसे सिविल इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, विद्युत इंजीनियरी, टेलेकम्युनिकेशन रेडियो इंजीनियरी मेटालर्जी आटोमोबाइल इंजीनियरी, टेक्सटाइल टेक्नालाजी, लेदर टेक्नालाजी, प्रिंटिंग टेक्नालॉजी, केमिकल टेक्नालॉजी।

ख. विश्वविद्यालयों और मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा आयोजित इंजीनियरी और टेक्नालॉजी के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे सिविल इंजीनियरी विद्युत इंजीनियरी, टेले इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन इंजीनियरी और इलेक्ट्रानिक्स माइनिंग इंजीनियरी मेटालार्जी एरोनाटिकल इंजीनियरी, केमिकल इंजीनियरी केमिकल टेक्नालॉजी टेक्सटाइल टेक्नालॉजी, लेदर टेक्नालॉजी, फार्मेसी, सेरामिक्स इत्यादि इत्यादि।

ग. विश्वविद्यालयों और मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा आयोजित इंजीनियरी और टेक्नालॉजी के विभिन्न क्षेत्रों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम।

घ. मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा आयोजित आर्किटेक्चर, टाइन प्लानिंग और एलाइट क्षेत्रों में डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रम।

च. मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा आयोजित वाणिज्य में डिप्लोमा और प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम।

छ. मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा आयोजित प्रबंधन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम।

ज. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों और संस्थानों द्वारा आयोजित, कृषि, पशु रोग संबंधी विज्ञान और संश्रित विषयों में स्नातक पाठ्यक्रम।

झ. जूनियर टैक्नीकल स्कूलों द्वारा आयोजित पाठ्यक्रम।

ए. श्रम और रोजगार मंत्रालय (डी.जी. एण्ड टी.) के अधीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित पाठ्यक्रम।

फ. मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा आयोजित आर्ट/एप्लाइड आर्ट और संश्रित विषयों में डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रम।

ब. मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा ड्राफ्टमैनशिप पाठ्यक्रम। मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा।

भ. चिकित्सा पाठ्यक्रम (एलोपैथिक, होमियोपैथिक, आयुर्वैदिक और यूनानी पद्धतियों सहित)।

म. बी.एस.सी. (होम साइंस) पाठ्यक्रम।

त. मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा होटल प्रबंधन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम।

थ. होम साइंस, औषधि में प्रि-प्रोफेशनल पाठ्यक्रम यदि औषधि में नियमित 5 वर्षों का भाग में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम।

द. बाइयोकेमिस्ट्री, में पी.एच.डी.

ध. फिजिकल एजुकेशन में बैचलर और मास्टर डिग्री पाठ्यक्रम।

न. विधि में डिग्री और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम।

ट. "माइक्रोबायलॉजी" में हानर्स पाठ्यक्रम।

ठ. इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस का एसोसिएटशिप।

ड. श्रम/सामाजिक कल्याण /कार्मिक प्रबंधन या औद्योगिक प्रबंध में डिग्री/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम सहित बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन या प्रबंधन में डिग्री या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम।

ढ. होटल प्रबंधन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम।

ण. सांख्यिकी में एम.एस.सी. पाठ्यक्रम।

य. मास्टर ऑफ एजुकेशन और बैचलर ऑफ एजुकेशन।

कक. इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटेरियटस् ऑफ इण्डिया का कंपनी सेक्रेटेरीशिप पाठ्यक्रम।

कख. मर्चेन्टशिप पर प्रोस्पेक्टिव नेविगेटिंग अधिकारियों को प्रशिक्षण जहाज "राजेन्द्र" पर दी जाने वाली थ्रि-मी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ।

कग. समुद्री इंजीनियरी प्रशिक्षण महानिदेशालय में आयोजित समुद्री इंजीनियरी में पाठ्यक्रम ।

कघ. नेशनल डिफेन्स एकाडेमी, खडगवसला में प्रवेश के लिए प्रारम्भिक प्रभार का भुगतान भी अग्रिमों या अंतिम निकासी के लिए योग्य होगा ।

6. नीचे दिये गये अनुसार अध्यक्ष के द्वारा नियम में छूट देते हुए अभिदाता को अग्रिमों/अंतिम निकासियों की मंजूरी दी जाएगी ।

1. विनियम 13 के अधीन जो विनिर्दिष्ट हैं उनके अलावा अन्य प्रयोजनों के लिए सामान्य भविष्य निधि के शेष में से 90 प्रतिशत तक मंजूरी ।

2. इस संबंध में विनियम 16 और 17 के अधीन निर्धारित अन्य शर्तों के रहते ।

3. अभिदाता के जमा में संचित के शेष से 90 प्रतिशत तक निकासी ।

14. अग्रिम की वसूली :

1. अभिदाता के अग्रिम की वसूली ऐसे समान मासिक किश्तों में की जाएगी जैसाकि मंजूर करने वाले प्राधिकारी द्वारा निदेश दिया जाता है परन्तु ऐसी संख्या बारह से कम न होगी और चौबीस से अधिक नहीं होगी जब तक अभिदाता ऐसा चुनता है । विशेष मामलों में विनियम 13 के उपविनियम (2) के अधीन जब अग्रिम की राशि अभिदाता के तीन महीनों के वेतन से अधिक होती है तो मंजूर करने वाला प्राधिकारी ऐसी किश्तों की संख्या 24 से अधिक निर्धारित कर सकता है परन्तु किसी भी हालत में चौबीस से अधिक नहीं होगा न अभिदाता अपने विकल्प पर एक माह में एक से अधिक किश्त का पुनर्भुगतान कर सकता है । प्रत्येक किश्त पूर्ण रु. में होगी । ऐसे किश्तों को निर्धारित करने के लिए अग्रिम की राशि को बढ़ाया या कम किया जा सकता है ।

2. अंशदान की वसूली के लिए विनियम 11 में निर्धारित पद्धति से की जाएगी और अग्रिम लेने के अगले माह से प्रारम्भ की जाएगी । अभिदाता की सम्मति के बिना उस समय वसूल नहीं की जाएगी जब वह निर्वाह अनुदान प्राप्त करता हो या दस दिन से अधिक छुट्टी पर हो या एक कैलेन्डर माह में अधिक हो जिसमें छुट्टी वेतन न मिलता हो या समान छुट्टी वेतन होता हो या आधे वेतन से कम या आधा औसत वेतन होता है जैसाकि मामला हो । मंजूर करने वाले प्राधिकारी द्वारा अभिदाता को मंजूर किये गये वेतन में अग्रिम की वसूली के दौरान अभिदाता के लिखित अनुरोध पर वसूली मुल्तवी की जा सकती है ।

3. यदि अभिदाता को मंजूरी दी जाती है और उसके द्वारा लिया जाता है और बाद में वसूली पूर्ण होने के पूर्व अग्रिम अस्वीकार्य होता है तो अभिदाता के द्वारा निकाली गयी संपूर्ण या शेष राशि को निधि में जमा करना होगा या चूकने पर लेखा अधिकारी के आदेश के द्वारा अभिदाता के परिलब्धियों में से एकमुश्त में या किश्तों में जो बारह से अधिक नहीं होगी वसूल किया जाएगा जैसाकि अग्रिम मंजूर करने वाले प्राधिकारी के द्वारा निदेश दिया गया हो, ऐसी मंजूरी के लिए विनियम 13 के उप विनियम (2) के अधीन विशेष कारण अपेक्षित हैं ।

परन्तु ऐसे अग्रिम को अस्वीकार करने के पूर्व अभिदाता को मंजूरी दाता प्राधिकारी को लिखित रूप से पुनर्भुगतान न होने का कारण स्पष्ट करने के लिए अवसर दिया जाना चाहिए और यदि अभिदाता कथित पन्द्रह दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करता है तो इस पर निर्णय के लिए अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा और यदि उसके द्वारा उक्त अवधि के अन्दर स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता है तो इस उप विनियम में निर्धारित तरीके से अग्रिम का पुनर्भुगतान लागू किया जाएगा ।

4 इस विनियम के अधीन वसूलियों को निधि में अभिदाता के लेखे में जमा किया जाएगा

15. अग्रिम का अनुचित प्रयोग :

इन विनियमों में अन्य बातों के न रहते हुए यदि मंजूरी दाता प्राधिकारी को इस कारण पर शक है कि विनियम 13 के अधीन निधि से निकाली गयी अग्रिम राशि जिसके लिए मंजूर की गई को छोड़कर अन्य उद्देश्य के लिए उपयोग की गई है, वह अपने शक के लिए अभिदाता को सूचित करेगा और अभिदाता को ऐसी सूचना की प्राप्ति के पन्द्रह दिनों के अन्दर यह स्पष्ट करने को कहेगा कि क्या निकाली गयी राशि जिसके लिए मंजूरी दी गई उस उद्देश्य के लिए उपयोग की गई । यदि मंजूरी दाता प्राधिकारी अभिदाता द्वारा पन्द्रह दिनों की कथित अवधि के अन्दर प्रस्तुत किये गये स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं होता है तो मंजूरी दाता प्राधिकारी अभिदाता को तुरन्त रकम निधि को पुनर्भुगतान करने के लिए निदेश देगा या चूकने पर अंशदाता के परिलब्धियों से एक मुश्त में कटौती के द्वारा वसूली के लिए आदेश देगा यद्यपि वह छुट्टी पर रहता हो । यदि पुनर्भुगतान की जाने वाली कुल राशि अंशदाता के परिलब्धियों से आधे से अधिक होती है तो उसके परिलब्धियों के आधे आधे भागों के मासिक किश्तों में वसूली की जाएगी जब तक कि उसके द्वारा संपूर्ण राशि का पुनर्भुगतान कर दिया गया हो ।

नोट :—विनियम में "परिलब्धियों" के अर्थ में निर्वाह अनुदान शामिल नहीं होता है ।

16. निधि से निकासी :—

(1) उनमें उल्लिखित शर्तों के रहते, विनियम 13 के उपविनियम (2) के अधीन किसी भी समय विशेष कारणों

के लिए सक्षम प्राधिकारियों द्वारा निकासी की मंजूरी दी जा सकती है।

क. अंशदाता के बीस वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद (सेवा की भंग अवधि सहित, यदि कोई) या निवर्तन पर उसके सेवा निवृत्त होने के तारीख से पूर्व दस वर्षों के अन्दर जो कोई भी पहले हो, निधि में उसके जमा में रही राशि निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए एक या अधिक बार जैसे।

(क) निम्नलिखित मामलों में अंशदाता या अंशदाता के किसी बच्चे के यात्रा व्यय, जहां आवश्यक हो सहित उच्च शिक्षा के खर्च को वहन करने के लिए जैसे :

1. हाई स्कूल स्तर से ऊपर शैक्षणिक, तकनीकी प्रोफेशनल या वोकेशनल पाठ्यक्रम के शिक्षा के लिए भारत के बाहर।

11. हाई स्कूल स्तर से ऊपर भारत में किसी मेडिकल, इंजीनियरी या तकनीकी या विशेषज्ञी पाठ्यक्रम के लिए।

(ख) अभिदाता के या उसके पुत्रों या पुत्रियों या उस पर वास्तविक रूप से आश्रित महिला रिश्तेदारों के सगाई/विवाह संबंधी खर्च को वहन करने के लिए।

(ग) अभिदाता या उसके परिवार के सदस्य या उस पर आश्रित किसी व्यक्ति के यात्रा व्यय जहां आवश्यक हो सहित बीमारी के संबंध में व्यय का वहन।

(ख) अभिदाता के बीस वर्षों की सेवा पूर्ण करने के बाद (सेवा की भंग अवधि सहित यदि कोई) या निवर्तन पर उसके सेवा निवृत्त होने के तारीख से दस वर्षों के अन्दर जो कोई भी पहले हो, निधि में उसके जमा में रही राशि निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए एक या अधिक बार जैसे :

(क) समुचित घर का निर्माण या अर्जन या उसके आवास के लिए निर्मित फ्लैट साइट के मूल्य सहित।

(ख) समुचित घर के निर्माण या अर्जन के लिए या उसके आवास के लिए निर्मित फ्लैट के लिए एक्सप्रेसली लिये ऋण की बकाया राशि के पुनर्भुगतान के लिए।

(ग) उसके आवास के लिए घर का निर्माण करने के लिए हाउस साइट की खरीद या इस प्रयोजन के लिए गये ऋण की बकाया राशि के पुनर्भुगतान के लिए।

(घ) अभिदाता के द्वारा अर्जित या स्वामित्व में रहे प्लाट या घर के पुनःनिर्माण या परिशोधन या परिवर्तन के लिए।

(च) कार्य के स्थान को छोड़कर अन्य स्थान पर पैत्रिक घर का नवरूपण, परिशोधन या परिवर्तन या रख-रखाव या कार्य के स्थान को छोड़कर अन्य स्थान पर सरकार की ऋण की सहायता से घर का निर्माण करना।

(छ) खण्ड (ग) के अधीन खरीदे गये साइट पर घर का निर्माण।

(ग) अभिदाता के सेवा निवृत्त होने की तारीख से छह महीनों के अन्दर निधि में उसके जमा में रहे फार्म भूमि या व्यापारिक परिसर का, दोनों के अर्जन के लिए।

नोट : 1—अभिदाता जोकि स्वयं पारादीप पत्तन न्यास गृह निर्माण योजना के अधीन गृह निर्माण प्रयोजन के लिए ऋण लिये जाने या किसी अन्य सरकारी साधन से इस संबंध में सहायता लिये जाने पर भी इस विनियम के खंड (ख) के उपखंड (क) (ख), (ग) और (घ) के अधीन उसमें उल्लिखित प्रयोजनों के लिए और उपर्युक्त योजना के अधीन लिये गये पुनर्भुगतान के लिए विनियम 17 के उप विनियम (17) के परन्तुक में उल्लिखित सीमा तक अंतिम निकासी की मंजूरी के लिए पात्र हो सकता है।

यदि अभिदाता का अपने कार्य के स्थान को छोड़कर अन्य स्थान पर पैतृक घर है या बोर्ड से ऋण की सहायता लेते हुए घर का निर्माण करता है तो वह अपने कार्य के स्थान पर निर्मित फ्लैट के अर्जन के लिए या अन्य घर के निर्माण के लिए या हाउस साइट के खरीद के लिए खंड (ख) के उपखंड (क), (ख) और (घ) के अधीन अंतिम निकासी की मंजूरी के लिए पात्र होगा।

नोट 2. खंड (ख) के उपखंड (क), (ख), (घ), (छ) के अधीन अभिदाता द्वारा निर्माण किये जाने वाले घर का प्लान अधीन अभिदाता द्वारा निर्माण किये जाने वाले घर का प्लान प्रस्तुत करने पर या परिशोधन या परिवर्तन करने के लिए जोकि उस इलाके के जहां साइट या घर स्थित है, के स्थानीय नगर पालिका इकाई के द्वारा विधिवत् अनुमोदन होने पर और जहां प्लान का वास्तविक रूप से अनुमोदन दिया जाना है पर ही मंजूरी दी जाएगी।

नोट 3. खंड (ख) के उपखंड (ख) के अधीन मंजूर की गई निकासी की राशि उप खंड (क) के अधीन मंजूर की गई निकासी की राशि उपखंड (क) के अधीन पिछली निकासी की राशि घटने के द्वारा पिछली निकासी की राशि के साथ आवेदन की तारीख पर शेष से 3/4 से अधिक नहीं होगी। अपनाई जाने वाली फार्मूला (उस तारीख पर शे। +(प्लस) घर के मामले में लिए पिछली निकासी राशि का 3/4 माइनस पिछली निकासी की राशि।

नोट 4. खंड (ख) के उपखंड (क) या (घ) के अधीन निकासी स्वीकार की जाएगी तब हाउस साइट या घर पत्नी या पति के नाम पर हो परन्तु वह अभिदाता के द्वारा किये गये नामांकन में भविष्य निधि रकम को प्राप्त करने के लिए प्रथम नामिति होगी या होगा।

नोट 5. इस विनियम के अधीन केवल एक ही निकासी स्वीकार्य होगी। परन्तु विवाह या विभिन्न कार्यों

के लिए शिक्षा या विभिन्न अवसरों पर बीमारी या घर के आगे के परिशोधन या परिवर्तन या नये प्लान के अधीन फ्लैट जोकि इस इलाके के स्थानीय नगर पालिका इकाई के द्वारा विधिवत अनुमोदित या फ्लैट है को उसी प्रयोजन के लिए नहीं माना जाएगा। उसी घर को पूर्ण करने के लिए खंड (ख) के उपखंड (क) या (छ) के अधीन दूसरी या बाद की निकासी नोट 3 के अधीन निर्धारित सीमा तक स्वीकार्य होगी।

नोट 6. इस विनियम के अन्तर्गत निकासी स्वीकार्य नहीं होगी यदि विनियम 13 के अधीन उसी प्रयोजन के लिए और उसी समय मंजूरी दी जाती है।

नोट 7. विनियम 16 के उप विनियम (1) के खंड (क) के उप खंड (क) के अधीन अध्ययन के पाठ्यक्रम के लिए निकासी विनियम 13 के नोट (5) के अधीन जैसाकि निर्धारित हैं के अनुसार सकते दिये जा सकते हैं ।

17. निकासी के लिए शर्तें:—

1. अभिदाता द्वारा विनियम 16 में उल्लिखित प्रयोजनों के लिए किसी एक समय के लिए एक या अधिक बार निधि में उसके जमा पर रहे रकम से निकाली गयी राशि ऐसे राशि के आधे से या छह माह के वेतन से अधिक नहीं होगी, जो कोई भी कम हो। लेकिन मंजूरी दाता प्राधिकारी निधि में उसके जमा में रहे शेष के 3/4 सीमा से अधिक निकासी के लिए (1) उद्देश्य जिसके लिए निकासी की जा रही है (2) अभिदाता की प्रतिष्ठा (3) निधि में उसकी जमा की राशि को ध्यान में रखते हुए मंजूरी दे सकता है।

2. विनियम 16 के अधीन अभिदाता को जिसे राशि की निकासी के लिए अनुमति दी गयी है मंजूरी दाता प्राधिकारी को समुचित अवधि के अन्दर जैसाकि प्राधिकारी द्वारा निर्धारित की गई हो संतुष्ट करना होगा कि जिस प्रयोजन के लिए इसे निकाला गया उसे उपयोग किया और यदि ऐसा करने से चूकता है तो ऐसी निकाली गयी पूर्ण राशि या इतनी जोकि इस प्रयोजन के लिए आवेदन दिया गया और निकाले गए रकम को अभिदाता के द्वारा तुरन्त निधि में एक मुश्त में पुनर्भुगतान करना होगा। ऐसे भुगतान करने में चूकने पर मंजूरी दाता प्राधिकारी के द्वारा उसके परिलब्धियों से एक मुश्त में या कुछ मासिक किश्तों पर वसूल करने के लिए आदेश दिया जाएगा जैसाकि अध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया गया हो।

परन्तु इस उपविनियम के अधीन निकासी की पुनर्भुगतान लागू करने के पूर्व अभिदाता को लिखित रूप से स्पष्टीकरण देने के लिए अवसर दिया जाएगा और सूचना प्राप्त होने के पन्द्रह दिनों के अन्दर पुनर्भुगतान न लागू किये जाने के स्पष्टीकरण से यदि मंजूरी दाता प्राधिकारी संतुष्ट नहीं होता है या अभिदाता के द्वारा कथित पन्द्रह दिनों के अवधि के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत न किया जाता है तो मंजूरी दाता प्राधिकारी इस उप विनियम में निर्धारित प्रकार से पुनर्भुगतान लागू करेगा।

3. अभिदाता जिसे विनियम 16 के उप विनियम (1) के खंड (ख) के उपखंड (क), (ख) और (ग) के अधीन निधि में उसके जमा में रहे राशि को निकालने लिए अनुमति दी गई हो तो निर्मित घर के अधिकार या अर्जित या विक्रय, बन्धक (बोर्ड को बन्धक को छोड़कर) या भेंट से अध्यक्ष के पूर्व अनुमति के बिना अलग नहीं होगा। वह ऐसे घर या हाउस साइट से अदल-बदल या तीन वर्ष से अधिक अवधि के लिए पट्टे से अध्यक्ष की पूर्व अनुमति के बिना अलग नही होगा। अभिदाता प्रतिवर्ष दिसम्बर के 31वें दिन के पूर्व घोषणा प्रस्तुत करेगा, इस बारे में कि घर या हाउस साइट, मामला जैसा भी हो, उसके अधिकार में रहा है या बन्धक या हस्तांतरित हुआ है, यदि आवश्यक हो तो इस संबंध में प्राधिकारी द्वारा निर्धारित तारीख पर मूल बैनामा और अन्य दस्तावेज जिस पर उसका संपत्ति पर हक आधारित है प्रस्तुत करेगा।

4. यदि अभिदाता किसी भी समय उसकी सेवा निवृत्ति के पूर्व अध्यक्ष की पूर्व अनुमति के बिना घर या हाउस साइट से अधिकार से अलग होता है तो उसके द्वारा निकाली गयी राशि का पुनर्भुगतान निधि को एक मुश्त में करना होगा और ऐसे पुनर्भुगतान से चूकने पर मंजूरी दाता प्राधिकारी के द्वारा उसके परिलब्धियों से या तो एक मुस्त में या मासिक किश्तों की ऐसी संख्या में वसूल करने के लिए आदेश दिया जाएगा जैसाकि अध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया गया है।

नोट :

1. एक ही प्रयोजन के लिए अग्रिम और अंतिम निकासी की एक साथ मंजूरी नहीं दी जानी चाहिए। अन्य शब्दों में, विनियम 16 में उल्लिखित शर्तों पर एक व्यक्ति को अग्रिम या किसी विशेष प्रयोजन के लिए या तो अग्रिम या अग्रिम निकासी की मंजूरी दी जानी चाहिए। आगे, अग्रिम जो बाद में अंतिम निकासी में परिवर्तित की जाती है, उसे विनियम 16 के अधीन अंतिम निकासी माना जाना चाहिए। कहने का अर्थ, यदि व्यक्ति विनियम 18 के अन्तर्गत अग्रिम को अंतिम निकासी में परिवर्तित करता है तो उसे विनियम 16 के अधीन इसी प्रयोजन के लिए दूसरी अग्रिम निकासी की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यह सिद्धान्त विनियम 13(ख) के अधीन अग्रिम पर भी लागू होगा।

2. अभिदाता को विवाह और सगाई समारोह दोनों अवसरों पर अंतिम निकासी के लिए अनुमति दी जाएगी। इन विशिष्टियों के विनियम 17(1) के प्रयोजन के लिए प्रत्येक अवसर अलग अलग माने जाएंगे। यह सिद्धान्त

विनियम 13(1) के खंड (ग) के अधीन विवाहों के लिए अग्रिमों पर लागू होगा।

3. अभिदाता को किसी भी स्थान पर गृह निर्माण प्रयोजन के लिए दूसरी निकासी की मंजूरी नहीं दी जानी चाहिए यदि उसे उसी स्थान पर या अन्य स्थान पर इस तरह के प्रयोजन के लिए अंतिम निकासी के लिए दी गई हो। अन्य शब्दों में, एक घर से अधिक के लिए अंतिम निकासी की मंजूरी नहीं देनी चाहिए :

4. अध्यक्ष के द्वारा अभिदाता के जमा में रही राशि का 90 प्रतिशत तक अंतिम निकासी की मंजूरी दी जाएगी।

18. अग्रिम का निकासी में परिवर्तन

अभिदाता विनियम 16 के उप विनियम (1) में उल्लिखित किसी भी प्रयोजनों के लिए विनियम 13 के अधीन अग्रिम ले चुका हो या भविष्य में लेने वाला हो तो अपने विवेक से मंजूरी दाता प्राधिकारी के माध्यम से लेखा अधिकारी को लिखित अनुरोध के द्वारा प्रत्येक के बकाये शेष को विनियम 16, 37 में निर्धारित शर्तों को उसके द्वारा पूरा करने पर अंतिम निकासी में परिवर्तन कर सकता है।

नोट :

1. जब अग्रिम की निकासी में परिवर्तन की अनुमति देते समय विनियम (1) में परिसीमा को लागू करने के प्रयोजन के लिए जमा शेष की गणन पद्धति निम्न प्रकार से होगी :

(1) इन विनियमों के विनियम 18 के अधीन अग्रिम का अंतिम निकासी में परिवर्तन के लिए विनियम 16(1) इबिद के प्रयोजन के लिए शेष को रकम अंशदान के रूप में लिया जाना चाहिए। उस पर परिवर्तन के समय लेखे में अंशदाता के जमा में रहे ब्याज प्लस अग्रिम की बकाया राशि।

(2) इन विनियमों के अधीन प्रत्येक निकासी को अलग अलग माना जाना चाहिए और इसलिए एक से अधिक परिवर्तन में वही सिद्धान्त लागू होगा याने कि प्रत्येक मामले में शेष पर विचार करते हुए विनियम 17(1) के अधीन सीमा लागू होगी।

2. यदि अभिदाता इच्छुक हो तो दूसरी अग्रिम की निकासी में परिवर्तन की जाने वाली कुल राशि विनियम 17 में निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। ऐसे मामलों में जहां एक ही प्रयोजन के लिए विभिन्न अवसरों में एक से अधिक लिये गये अग्रिमों को अंतिम निकासी में प्रत्येक और अलग अलग परिवर्तन करने के लिए अनुमति दी जा सकती है। मंजूरी दाता प्राधिकारी को लेखा अधिकारी को आवेदन अग्रेषित करते समय उसमें उस तारीख तक परिवर्तन की जाने वाली कुल राशि का उल्लेख करना चाहिए।

19. निधि में संचयन से अंतिम निकासी :

1. जब अभिदाता सेवा छोड़ देता है तो निधि में उसके जमा में रही राशि उसे भुगतान योग्य होती है।

2. परन्तु अभिदाता जो कि नौकरी से निकाला गया हो और बाद में नौकरी में बहाल किया जाता है और बोर्ड के द्वारा ऐसा करना अपेक्षित हो तो वह इस विनियम के अनुसार निधि से उसे भुगतान की गई राशि पर विनियम 20 के परन्तुक में की गई व्यवस्था और विनियम 12 में की गई दर की व्यवस्था के अनुसार ब्याज सहित पुर्नभुगतान करना होगा। ऐसी पुनर्भुगतान की गई राशि को निधि में उसके लेखे में जमा की जाएगी।

स्पष्टीकरण :

1. अभिदाता जिसे अस्वीकार्य छुट्टी की मंजूरी दी गई उसे अनिवार्य सेवानिवृत्त की तारीख या बढ़ाई गयी सेवावधि समाप्त होने पर नौकरी छोड़ देना माना जाएगा।

स्पष्टीकरण : II

अभिदाता जोकि ठेके पर नियुक्त किया गया या जो सेवा से निवृत्त हुआ, सेवा भंग के बिना या सहित पुनः नियुक्त किया गया को छोड़कर सेवा को नहीं छोड़ना समझा जाएगा जब उसे किसी अन्य महापत्तन प्राधिकरण के अधीन (जिसमें वह अन्य भविष्य निधि विनियमन के अधीन रहता है) बिना किसी सेवा भंग के उसके पूर्व पद के साथ बिना कोई संबंध रखते हुए स्थानांतरित किया जाता है। ऐसे मामले में उसका अंशदान उस पर ब्याज सहित अन्य निधि के लेखे में उस निधि के नियमों के अनुसार अन्तरित किया जाएगा। छंटनी के बाद बोर्ड या किसी अन्य महापत्तन प्राधिकार के अधीन तुरन्त नियुक्ति के मामले में भी वैसा ही होगा।

स्पष्टीकरण III

जब अभिदाता जोकि ठेके पर नियुक्त है या सेवा से निवृत्त है और बाद में पुनः नियुक्त होता है और सरकार द्वारा नियंत्रित या स्वामित्व में रहने वाली इकाई, निगम या स्वायत्त संस्था जोकि सोसाइटीज पंजीयन अधिनियम 1860 के अधीन पंजीकृत है में बिना सेवा भंग के स्थानांतरित किया जाता है तो अंशदान की राशि उस पर ब्याज सहित उसे भुगतान नहीं किया जाएगा परन्तु इकाई की सम्मति से इकाई के अधीन नये भविष्य निधि लेखे को अंतरित किया जाएगा।

बोर्ड के समुचित अनुमति सहित और बिना भंग के सोसाइटीज पंजीयन अधिनियम 1860 के अधीन पजीकृत सस्था या सरकार द्वारा नियंत्रित या स्वामित्व में रहने वाली इकाई, निगम के अधीन नौकरी करने के लिए सेवा से इस्तीफे के मामले, स्थानातरण में शामिल हैं। नये पद को लिये गये समय को सेवा भंग नहीं माना

जाएगा यदि वह कार्यग्रहण समय से अधिक नहीं होता है जोकि कर्मचारी को एक पद से दूसरे पद पर स्थानांतरण के लिए स्वीकार्य है ।

परन्तु अभिदाता के सार्वजनिक उद्यम में नौकरी के लिए चुनने पर अशदान और उस पर ब्याज सहित यदि वह इच्छा करता हो तो उद्यम के अधीन नये भविष्य निधि लेखे में अंतरित किया जाएगा यदि संबंधित उद्यम भी ऐसे अन्तरण के लिए सहमत होती हो। लेकिन यदि अभिदाता अन्तरण के लिए इच्छुक न हो या उद्यम भविष्य निधि का परिचालन न करती हो तो ऊपर कथित राशि अभिदाता को वापस कर दी जाएगी।

2. अभिदाता के सेवा निवृत्ति के समय उसके सामान्य भविष्य निधि के संचयन से या अभिदाता के सेवा में रहने पर, मृत्यु पर या सेवा निवृत्ति के बाद अभिदाता के नामिति को भुगतानयोग्य अवितरित सा. भा. नि. संचयन से मामला जैसा भी हो, बोर्ड को देय राशि की वसूली नहीं की जाएगी। यद्यपि अभिदाता की नामिती की सहमति ली गई हो। जब अभिदाता या नामिति बोर्ड को देय राशि का पुनर्भुगतान करना चाहता हो तो इसे दूसरा लेनदेन समझा जाएगा। पहले सपूर्ण राशि को बिना किसी अनिवार्यता के भुगतान किया जाएगा उसके बाद आवाता को बोर्ड के देय को चुकाने के लिए कहा जाएगा।

3. कर्मचारी के द्वारा दुर्विनियोग किये गये किसी भी भाग को उसके सा. भा. नि. के रकम से वसूल नहीं किया जाएगा।

4. बर्खास्तगी पर बर्खास्तगी के विरुद्ध किसी भी अपील का हवाला न देते हुए अंतिम भुगतान किया जाना है। यदि बर्खास्तगी के विरुद्ध अपील का तथ्य ध्यान में आता है तो भुगतान में विलम्ब की आवश्यकता नहीं है यदि उसके लिए अभिदाता आवेदन देता हो। बशर्ते कि विनियम 19 के उपविनियम (1) के अधीन परन्तुक में उल्लिखित ब्याज सहित राशि के पुनर्भुगतान के लिए अभिदाता को ध्यान दिलाया गया हो।

20. अभिदाता की सेवा निवृत्ति

जब अभिदाता सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी पर हो या बोर्ड के शिक्षा संस्थाओं में नियुक्त हो या अवकाश सहित सेवा निवृत्तिपूर्व छुट्टी पर हो या

ख. छुट्टी पर रहने पर निवृत्त होने के लिए अनुमति दी गई हो या सक्षम चिकित्सा अधिकारी के द्वारा आगे की सेवा के लिए अयोग्य घोषित किया गया हो।

निधि में उसके जमा में राशि अभिदाता को भुगतान योग्य होगी जब उसके लिए उसके द्वारा लेखा अधिकारी को आवेदन दिया जाएगा :

परन्तु अभिदाता जब कार्य पर वापस आता है तो बोर्ड द्वारा अन्यथा निर्णय करने पर इस विनियम के अनुसार निधि से उसे भुगतान की गई राशि और उस पर विनियम 12 में की गई व्यवस्था की दर पर ब्याज सहित नकद में या प्रतिभूतियों में नगद आंशिक रूप से या आंशिक रूप से प्रतिभूतियों में या किश्तों द्वारा या अन्यथा या उसके परिलब्धियों से वसूली के द्वारा या अन्यथा निधि में उसके लेखे के जमा में पुनर्भुगतान करना होगा जैसा कि अग्रिम को मंजूर करने वाले अधिकारी द्वारा निदेश दिया गया हो और जिसकी स्वीकृति के लिए विनियम 13 के उपविनियम (2) के अधीन विशिष्ट कारण अपेक्षित हैं।

21. अभिदाता के मृत्यु पर प्रक्रिया

अभिदाता के जमा में रही राशि भुगतानयोग्य होने के पूर्व उसकी मृत्यु पर या राशि भुगतान योग्य होने के पूर्व भुगतान की गई हो

(1) जब अभिदाता परिवार को छोड़ता हो ।

क. यदि विनियम 6 के व्यवस्थाओं के अनुसार अभिदाता के द्वारा नामांकन किया गया हो या उसके जीवित परिवार के सदस्य या सदस्यों के पक्ष में

ख. यदि अभिदाता के परिवार के सदस्य या सदस्यों के पक्ष में ऐसा नामांकन नहीं होता है या ऐसे नामांकन का संबंध निधि में जमा रही राशि के एक भाग के लिए हो। तो पूर्ण रकम या उसके भाग जिसका नामांकन से संबंध नहीं है मामला जैसा भी हो, उसके परिवार के सदस्य या सदस्यों को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों के पक्ष में नामांकन के आशय के बावजूद भी उसके परिवार के सदस्यों को बराबर हिस्सों में भुगतानयोग्य होगा।

